Publication : Dainik Jagran,
Date : 18/03/2016

# नोवा सिनेमा पूरे देश में खोलेगा एक हजार थिएटर

- फिल्मों की पायरिसी में जल्द कमी आएगी
- लोगों को मिलेंगे सस्ते टिकट और अधिक से अधिक लोगों को पहला शो देखने का मिलेगा मौका




पत्रकारों से बातचीत करते यूएफओ मूवीज के सीईओ विष्णु पटेल।

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** फिल्मों की पायरिसी में जल्द ही कमी आएगी। लोगों की तमन्ना होती है कि नई फिल्म का पहला शो देखा जाए लेकिन सिनेमाघरों की कमी के कारण ऐसा नहीं हो पाता और दस दिनों के बाद पायरिसी शुरू हो जाती है। उस सब पर नियंत्रण करने के लिए नोवा सिनेमा पूरे देश में एक हजार नए सिनेमा खोलने की तैयारी में है। यह जानकारी यूएफओ मूवीज के सीईओ विष्णु पटेल ने दी। उन्होंने कहा कि होली, दीवाली और नए साल के मौके पर हर सप्ताह फिल्में रिलीज होती है। ऐसे में एक तो टिकट की कीमत बहुत ही ज्यादा होती है। इसके अलावा एक सप्ताह में सभी लोग फिल्म देख भी नहीं पाते और पायरिसी का दौर बढ़ जाता है।